राजस्थान में बनेगा 10,000 मेगावाट का अल्ट्रामेगा रिन्यूएबल एनर्जी पावर पार्क

चर्चा में क्यों?

1 जुलाई, 2022 को राजस्थान सरकार एवं एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड के मध्य राजस्थान में 10,000 मेगावाट क्षमता का अल्ट्रामेगा रिन्यूएबल एनर्जी पावर पार्क **(UMREPP)** विकसित करने हेतु जयपुर में समझौते पर हस्ताक्षर किये गए।

प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर राजस्थान के ऊर्जा मंत्री भँवर सिंह भाटी ने बताया कि प्रदेश में अनुपयोगी बंजर भूमि की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता तथा देश की सर्वाधिक सौर विकिरण की उपलब्धता भी प्रदेश में निजी निवेशकों को अपनी ओर आकर्षित करती है।
- प्रमुख शासन सचिव (ऊर्जा) भास्कर ए. सावंत ने बताया कि राजस्थान में निजी निवेशकों द्वारा अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं की स्थापना के कारण कृषकों की जमीन दर में वृद्धि के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार अवसर भी सृजित हो रहे हैं।
- एनटीपीसी एनर्जी लिमिटेड के सीईओ मोहित भार्गव ने बताया गया कि इस परियोजना की स्थापना पर लगभग 50,000 करोड़ रुपए का निवेश होगा।
- प्रदेश में अल्ट्रामेगा रिन्यूएबल एनर्जी पावर पार्क स्थापित करने का काम एनटीपीसी रिन्यूअल एनर्जी लिमिटेड करेगी। एनटीपीसी लिमिटेड 100% सब्सिडी कंपनी है, जो अक्षय ऊर्जा क्षेत्र के व्यवसाय को आगे ले जाने के लिये बनाई गई है।
- गौरतलब है कि वर्तमान में राजस्थान देश भर में 18,701 मेगावाट क्षमता की परियोजनाओं की स्थापना के साथ अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में देश में प्रथम स्थान पर है। राज्य में 13,332 मेगावाट क्षमता की सौर परियोजनाएँ स्थापित हो चुकी हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/ultramega-renewable-energy-power-park